भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन (हीप), रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)

संदर्भ सं. मा. सं. / भर्ती / ग्रेजु.-टेक्नी. अप्रेंटिस /51 — दिनांक : 28.08.2021

# परिपत्र

## विषय: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में ग्रेजुएट, टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप नवम्बर 2021 बैच हेतु आवेदन सम्बंधी विवरण

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में निम्नलिखित शाखाओं (Branches) में ग्रेजुएट (B.Tech. / B.E. Holder) एवं डिप्लोमाधारी (Diploma Holder) अभ्यर्थियों से ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण नवम्बर 2021 बैच हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो।

<table>
<tr><th rowspan="2">क्र. सं.</th><th rowspan="2">शाखा (Branch)</th><th colspan="2">रिक्तियों की संख्या</th><th rowspan="2">न्यूनतम योग्यता</th><th rowspan="2">आयु सीमा (01.11.2021 को) एवं छूट</th></tr>
<tr><th>ग्रेजुएट अप्रेंटिस</th><th>टेक्नीशियन/ टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस</th></tr>
<tr><td>1</td><td>मैकेनिकल/प्रोडक्शन/ इण्डस्ट्रियल</td><td>23</td><td>17</td><td rowspan="7">❖ ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप हेतु : मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में दिसम्बर 2018 या इसके बाद ग्रेजुएट (B.Tech./B.E.) उत्तीर्ण।<br><br>❖ टेक्नीशियन एवं टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप हेतु : मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में दिसम्बर 2018 या इसके बाद डिप्लोमा (Diploma) उत्तीर्ण।</td><td rowspan="7">❖ न्यूनतम : 18 वर्ष<br>❖ अधिकतम: 27 वर्ष (सामान्य वर्ग/ EWS), अन्य पिछड़ा वर्ग 30 वर्ष एवं 32 वर्ष (अनु. जाति / जनजाति)<br>❖ 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम (दिव्यांग) अभ्यर्थियों को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरक्त छूट प्रदान की जाएगी।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>इलेक्ट्रिकल</td><td>8</td><td>4</td></tr>
<tr><td>3</td><td>इलेक्ट्रॉनिक्स</td><td>4</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4</td><td>कम्प्यूटर</td><td>1</td><td>0</td></tr>
<tr><td>5</td><td>मॉडर्न ऑफिस प्रैक्टिस मैनेजमेन्ट</td><td>0</td><td>3</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>36</td><td>25</td></tr>
<tr><td colspan="2">कुल योग्य</td><td colspan="2">61</td></tr>
</table>

**नोट: 1. चयन प्रक्रिया के तहत उपर्युक्त रिक्तियों को सर्वप्रथम उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा। तत्पश्चात शेष रिक्तियों को अन्य राज्य के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा।**

**2. उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी संभव है।** यदि ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को टेक्नीशियन/टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है। इसी प्रकार यदि टेक्नीशियन/ टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को ग्रेजुएट अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।

महत्त्वपूर्ण निर्देश

- प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी।
- सभी अभ्यर्थियों का MHRDNATS पोर्टल **(https://portal.mhrdnats.gov.in)** पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।
- अनु. जनजाति व अनु. जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस एक्ट के नियमानुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमशः 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए यह अनुपात आरक्षण उत्तराखंड राज्य सरकार के आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा।
- अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का **दिनांक 01.04.2020 से पुराना अथवा प्रमाण पत्र पर दिए गए मान्यता तिथि (Validity date) समाप्त होने के बाद का जाति प्रमाण पत्र (OBC certificate)** मान्य नहीं होगा।

प्रकाश

- ❖ ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों का ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र वितीय वर्ष 2020-2021 के लिए मान्य हो।
- ❖ वे अभ्यर्थी जिन्होने ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
- ❖ वर्ष दिसम्बर 2018 या दिसम्बर 2018 के बाद ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा पूर्णतया उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, ही आवेदन करने के पात्र होंगे। **वे अभ्यर्थी जिन्हें ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा का परीक्षाफल / अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**

  <u>नोट:</u> बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के नियमानुसार उत्तीर्ण वर्ष में कोई अतिरिक्त छूट का प्रावधान नहीं है।
- ❖ अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्राप्त पावती संख्या (Acknowledgement No.) भविष्य हेतु याद रखें।

<u>वृतिका</u> **:** ग्रेजुएट अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वृतिका (Stipend) ₹ 9000/- प्रति माह, टेक्नीशियन अप्रेंटिस को ₹ 8000/- प्रति माह तथा टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस को ₹ 7000/- प्रति माह देय होगा।

<u>स्वास्थ्य:</u> आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति के समय दिये गये प्रारूप पर पंजीकृत एम.बी.बी.एस. डॉक्टर द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 और उसके उपरांत समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

<u>चयन प्रक्रिया:</u> सभी अभ्यर्थियों का **चयन सीधे मेरिट बनाते हुए किया जाएगा**। अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस हेतु चयन ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों [ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा अंकों का 70% वेटेज व हाई स्कूल अंकों का 30% वेटेज लेते हुए] के मेरिट के आधार पर किया जायेगा। ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों के भारित औसत (Weighted average) में समान अंक होने की दशा में ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिपलोमा में अधिकतम प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी तथा इसके भी समान होने की दशा में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

यदि किसी शाखा में योग्य अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को सीधे तौर पर नियुक्ति के लिए बुलाया जाएगा।

रिक्तियों का 20% तक, बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों, यदि वे अन्य अर्हताओं को पूरा करते हों, द्वारा भरा जाने के लिए चिन्हित (earmarked) होगा तथापि यह छूट अनुसूचित जाति / जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग और शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए अनुपात / आरक्षण मानदंड को पूरा करने के लिए वैधानिक दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए दी जाएगी।

*नोट : आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।*

<u>आवेदन कैसे करें :</u>

उपर्युक्त प्रशिक्षण के लिये हमारी भर्ती वेबसाईट **https://hwr.bhel.com/recruitment** द्वारा "<u>Engagement of Graduate & Diploma Apprenticeship for November '2021, Batch</u>" के अन्तर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) पर इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार, आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी जानकारी के लिए दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करें।

- ❖ अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपना पूर्ण विवरण जैसे नाम,पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, हाई स्कूल एवं ग्रेजुएशन/डिप्लोमा अंक इत्यादि बिल्कुल सही भरें क्योंकि मेरिट सूची बनाने हेतु भरे गए विवरण को आधार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी भरने में कोई गलती करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी।
- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पार्ट 2 (**https://hwr.bhel.com/recruitment** ) में अपना **30 kb तक का .jpg या .jpeg प्रारूप में** नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो अपलोड करना होगा। इसके अलावा **हाई स्कूल अंकपत्र , ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा में अंतिम रूप से प्राप्त अंक पत्र या सभी सेमेस्टर के अंक पत्र (एक साथ स्कैन कर), जाति/ ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो), शारीरिक रूप से अक्षमता (PH) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो), आधार कार्ड तथा उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile) भी 500 kb तक का pdf प्रारूप में स्कैन कर** अपलोड करना अनिवार्य होगा।

प्रका/२१

- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित दस्तावेजों को अंतिम तिथि तक भेजना होगा। अंतिम तिथि के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।
- ❖ **वेबसाईट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरे बिना, फोटो या उपरोक्त दर्शाये गये दस्तावेजों को अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे।** इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।
- ❖ अयोग्य अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- ❖ आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये दूरभाष संख्या 01334-28-5835 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाईट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट (print) लेकर सामान्य निर्देश में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए **" ग्रेजुएट अप्रेंटिस प्रशिक्षण नवम्बर 2021 बैच हेतु आवेदन पत्र"** तथा डिप्लोमा [टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल)] अप्रेंटिसशिप के लिए **"टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस प्रशिक्षण नवम्बर ' 2021 बैच हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर **दिनांक 18.09.2021 तक** निम्नलिखित पते पर व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा जमा करना होगा। **अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।**

**उप महाप्रबंधक (मा. सं.- भर्ती ), कक्ष सं. 29, भूतल,**
**मानव संसाधन विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन,**
**बी.एच.ई.एल., हीप, रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403**

**नोट:** बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं सामान्य निर्देश में उल्लेखित दस्तावेजों के साथ **"Form for Employee Ward"** भी जमा करना होगा।

<u>सामान्य निर्देश</u>

- ❖ **अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन के पार्ट 2 में संलग्न करना होगा अन्यथा उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा :**

1. हाई स्कूल अंकपत्र।
2. अंतिम रूप से प्राप्त ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा अंकतालिका या सभी सेमेस्टर की अंकतालिकाओं को एक साथ स्कैन करते हुए।
3. आधार कार्ड।
4. जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
5. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
6. उत्तराखण्ड के निवासी सम्बंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **[बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है ]**

- ❖ ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति (self-attested) पावती पत्र के साथ संलग्न करके दिनांक **18.09.2021 तक व्यक्तिगत रूप से / डाक द्वारा** जमा करना अनिवार्य होगा:

1. MHRDNATS पोर्टल पर पंजीकरण उपरांत प्राप्त MHRD ENROLLMENT NO. संबंधी साक्ष्य।
2. हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र (यदि किसी आवेदक के हाईस्कूल अंकतालिका में ग्रेड प्वाइंट (Grade Point) दर्शाया गया हो तो % अंक में परिवर्तित करने का फॉर्मुला सम्बंधी साक्ष्य प्रति लगाना अनिवार्य है।
3. अंतिम रूप से प्राप्त ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा अंकपत्र या सभी सेमेस्टर की अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र (यदि किसी आवेदक के ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) / डिप्लोमा अंकपत्र में CGPA/OGPA/DGPA/CPI अंक दर्शाया गया हो तो % अंक में परिवर्तित करने का फॉर्मुला सम्ब्ंधी साक्ष्य प्रति लगाना अनिवार्य है)।
4. उत्तराखण्ड के निवासी सम्बंधित मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **[बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए अनिवार्य नहीं है ]**
5. जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
6. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
7. आधार कार्ड।
8. पूर्णतया भरा हुआ "Form for Employee Ward" **[केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए लागू ]**

प्रकाश

❖ अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हता रखते हैं तथा उनके द्वारा आवेदन मे दी गई सभी जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है, तो इसके लिए आवेदक स्वंय जिम्मेदार होंगे तथा आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय, बिना किसी कारण बताए, निरस्त की जा सकती है।

❖ प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निधारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

❖ इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।

❖ अभ्यर्थियों के चयन संबंधी सारी जानकारी हमारे कैरियर वेबसाइट **https://hwr.bhel.com/recruitment** पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे चयन सूची सम्बंधी जानकारी के लिए दिनांक **24.11.2021 से समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें**। ज्वाइनिंग हेतु रिपोर्टिंग के समय अभ्यर्थियों को अपने साथ अपना मान्य फोटो आईडी कार्ड (मतदाता पहचान कार्ड / पासपोर्ट / पैन कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस / आधार कार्ड इत्यादि) लेकर आना अनिवार्य होगा।

❖ चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

❖ चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

❖ अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी। बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।

❖ **कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट https://hwr.bhel.com/recruitment पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नही दी जायेगी।**

❖ किसी भी प्रकार की सिफारिश या बाहरी दबाव, अभ्यर्थी के चयन के लिए अयोग्यता मानी जायेगी।

<u>महत्त्वपूर्ण तिथियाँ (सम्भावित)</u> :

(क) ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आरंभिक तिथि: --- 28.08.2021

(ख) ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: --- 10.09.2021

(ग) पावती पत्र (Acknowledgement Slip) तथा अन्य दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि --- 18.09.2021

(घ) अंतिम परिणाम की घोषणा : --- 24.11.2021

(ङ) ज्वाइनिंग के लिए रिपोर्ट करने की तिथियाँ : --- 08.12.2021 से 14.12.2021

चयन परिणाम घोषणा के उपरान्त शाखा अनुसार (Branch wise) रिक्तियों के बराबर अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग हेतु आमंत्रित किये जाएंगे।

**इसे सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।**

प्रकाश
28.08.2021
उप महा प्रबंधक (मा.सं.)

वितरण :

1. सहायक केंद्रीय अप्रेंटिसशिप सलाहकार – बी.ओ.ए.टी. कानपुर
2. जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार / कालसी (देहरादून)
3. हरिद्वार नेट
4. समस्त सूचना पट्ट

} सादर सूचनार्थ

प्रतिलिपि :

1. सभी विभागाध्यक्ष
2. स्टाफ अधिकारी कार्यपालक निदेशक

} सादर सूचनार्थ